<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

राज्यपाल ने चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में नियुक्तियों पर रोक लगायी
प्रबंध समिति की बैठक स्थगित करने के आदेश

लखनऊः 31 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर, श्री राम नाईक ने तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय में चल रही नियुक्तियों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित करने तथा नियुक्तियों के संबंध में आज दिनांक 31.12.2014 को आयोजित होने वाली प्रबंध समिति की बैठक को भी स्थगित करने के आदेश दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में हो रही नियुक्तियों के संबंध में राज्यपाल को कतिपय शिकायतें प्राप्त हुयी थी, जिनकी उनके द्वारा समीक्षा की जा रही है।